University in News on 09 May 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : ज्योतिर्विज्ञान में ग्रहों का फलादेश पढ़ेंगे विद्यार्थी

एनईपी की तर्ज पर कोर्स में बदलाव, 192 की जगह अब 160 क्रेडिट

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग में बीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थी अब ज्योतिष की सामान्य पढ़ाई के साथ ही ग्रहों के फलादेश का अध्ययन भी करेंगे। इसके लिए विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक के पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। इसमें चार वर्षीय स्नातक व तीन वर्षीय स्नातक दोनों ही शामिल हैं।

ज्योतिर्विज्ञान के शिक्षक डॉ. अनिल पोरवाल ने बताया कि नए सिलेबस में कोर्स 192 की जगह 160 क्रेडिट का किया गया है। इसमें कुछ अध्याय कम किए गए हैं और कुछ नए जोड़े गए हैं। ज्योतिष के विद्यार्थियों को कुछ नया और व्यावहारिक सीखने को मिले, ऐसा कोर्स तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नए पाठ्यक्रम को चार वर्षीय स्नातक के हिसाब से बनाया गया है। इसमें विद्यार्थी को भाव प्रकाश नाम का पेपर पढ़ाया जाएगा जिसे वे ऑप्शन पेपर के तौर पर पढ़ पाएंगे। इसमें उन्हें लघु जातकम और भाव प्रकाश दो पेपरों में से एक का चुनाव करना होगा। भाव प्रकाश में फलित ज्योतिष एक अहम स्थान रखता है जो ग्रहों के भावों अर्थात कौन सा गृह किस घर में किस फल का कारक है, इसकी जानकारी देता है। लघुजातकम में राशि और भावों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जाता है।

देनी होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

नए पाठ्यक्रम में ज्योतिष के विद्यार्थियों के लिए सातवें सेमेस्टर में रिसर्च मेथडोलॉजी के तहत परीक्षा का प्रावधान किया गया है जो ज्योतिर्विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम से होगी। जबकि आठवें सेमेस्टर में मेजर प्रोजेक्ट देना होगा। इसके लिए 24 क्रेडिट तय किए गए हैं।

ये प्रश्नपत्र पढ़ाए जाएंगे

- पहले सेमेस्टर में विद्यार्थी को ज्योतिर्विज्ञान का सामान्य परिचय और भारतीय ज्योतिष का इतिहास, दूसरे सेमेस्टर में ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांत, मुहूर्तशास्त्र का परिचय, तीसरे सेमेस्टर में जन्मपत्रिका निर्माण पद्धति, भावमंजरी, चौथे सेमेस्टर में खगोल परिचय, लघुपारशरी, पांचवें सेमेस्टर में प्राच्यगणित लीलावती, शुकजातकम के साथ ही भाव प्रकाश व लघुजातकम में से एक प्रश्नपत्र पढ़ना होगा। इसी तरह छठे सेमेस्टर में सूर्य सिद्धांत, भावार्थ रत्नाकर के साथ ही प्रश्नशास्त्रीय पद्धति व तजिक शास्त्र में से एक का चुनाव करना होगा। वहीं सातवें सेमेस्टर में भारतीय वास्तुशास्त्र, जातकालङ्कार, स्वरशास्त्र, षोडष संस्कार विमर्श, हस्तरेखा विज्ञान एवं गोचर विचार तथा ग्रहोपचार पेपर शामिल किए गए हैं।

NBT PAGE 6

बीपीएड, एमपीएड समेत कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने सम सेमेस्टर परीक्षा 2023-24 के क्रम में बुधवार को परास्नातक के कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

विवि में स्नातक की सम सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा विभाग की ओर से जिन पाठ्यक्रमों का कार्यक्रम जारी किया गया है उसमें बीपीएड, एमपीएड, एमए जॉग्रफी, एमएससी मॉलीकुलर एंड जेनिटिक्स , एमएससी न्यूट्रीशियन, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमएससी जियोलॉजी, एमएससी गर्भसंस्कार, बीएससी नॉन एनईपी, एमए फ्रेंच, एमएससी एप्लायड जियोलॉजी, एमएससी फूड प्रोसेसिंग, डीफार्मा, एमए हिस्ट्री समेत यूजी-पीजी के कई विषयों के कार्यक्रम शामिल हैं। (संवाद)

लविवि : प्लेसमेंट ड्राइव में 21 विद्यार्थी चयनित

लखनऊ। लविवि की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 21 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थियों को शुरुआत में 10 से 15 हजार का स्टाइपेंड दिया जाएगा। इसके बाद तय पैकेज का भुगतान किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक राय ने शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

एलयू: एग्जाम शेड्यूल जारी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को कई कोर्स का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डिप्लोमा इन फार्मेसी के प्रथम वर्ष की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। एमपीएड, एमए जियोग्राफी, मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स, एमएससी न्यूट्रिशन, एमए परसियन, एमएससी जियोलॉजी, बीपीएड, गर्भ संस्कार एंड विमेन स्टडीज, बीकॉम व बीएससी नॉन एनईपी एमए फ्रेंच समेत तमाम कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिए हैं।

लोकतंत्र के अधिकार का सम्मान करें: वीसी

■ एनबीटी, लखनऊः एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली में दयानंद महाविद्यालय वछरावां, रायबरेली के स्वीप और एनसीसी इकाई के स्टूडेंट्स ने वछरावां बाजार में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रफेसर आलोक कुमार राय की अगुवाई में रैली का आयोजन किया गया। 'वोट डालने जाना है, छुट्टी नहीं मनाना है' जैसे नारों से वछरावां बाजार गूंज उठा। मौके पर कुलपति ने लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण अधिकार का सम्मान करने की बात कही।

HINDUSTAN PAGE 6

बीपीएड-एमपीएड की परीक्षाएं 31 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

एलयू में यूजी व पीजी स्तर के कई कार्यक्रमों का परीक्षा शेड्यूल जारी हुआ है। जिसके तहत बीपीएड और एमपीएड की परीक्षाएं 31 मई से 11 जून तक आयोजित होंगी। एमएससी मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स की परीक्षा 27 मई से आठ जून और एमएससी न्यूट्रिशियन की परीक्षाएं 31 मई से 12 जून तक होगी।

कुलपति ने मतदान के लिए पर्चे बांटे

एलयू

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति की अगुवाई में मतदान पत्र बांटे गए।

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति की अगुवाई में विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। रायबरेली के बछरावां स्थित दयानंद महाविद्यालय के स्वीप और एनसीसी इकाई के छात्रों ने इस रैली में भाग लिया। बछरावां बाजार में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, फल-सब्जी विक्रेताओं को पर्चे बांटकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, डीन सीडीसी प्रो. अवधेश त्रिपाठी समेत कई छात्रों ने पहले मतदान फिर जलपान, वोट डालने जाना है छुट्टी नहीं मनाना है और छोड़ कर सारे काम पहले करें मतदान जैसे नारे लगाए।

कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया: एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के मद्देनजर रायबरेली जिले के संबद्ध कई कॉलेजों में संचालित परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इसमें दयानंद बछरावां महाविद्यालय, पंचशील महाविद्यालय, पराग महाविद्यालय, बीपी स्मारक और पंडित राज नारायण मिश्र महाविद्यालय का नाम शामिल है।

पीजी अध्यादेश संशोधन के लिए कमेटी गठित

लखनऊ। एलयू में कुलपति के निर्देश पर दो वर्षीय पीजी अध्यादेश संशोधन के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि नौ सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें प्रति कुलपति को अध्यक्ष बनाया गया है। सदस्य के तौर पर कला, विज्ञान, विधि, वाणिज्य, ललित कला और अकादमिक की अधिष्ठाता को रखा गया है।

एलयू में 21 छात्रों का प्लेसमेंट किया गया

लखनऊ। एलयू में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से 21 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। सीपीसी निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि बीकॉम, एमबीए, बीबीए और बीए समेत पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। चयनित छात्रों को 10 हजार से लेकर 50 हजार तक स्टाइपेंड दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार परफार्मेंस के आधार पर नौकरी पर रखा जाएगा।

प्रैक्टिकल के अंक 24 तक करें अपलोड

लखनऊ। एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के आंतरिक, मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 24 मई तक सभी को अंक पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

i-NEXT PAGE 4

दो वर्षीय पीजी सिलेबस में भी होगा संशोधन

एलयू कुलपति ने अध्यादेश संशोधन के लिए बनाई कमेटी

LUCKNOW (8 May) : लखनऊ विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक और एक वर्षीय परास्नातक के बाद अब दो वर्षीय परास्नातक कोर्स में भी संशोधन करेगा. कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है. अध्यादेश संशोधित करने के बाद प्रति सेमेस्टर 20 क्रेडिट करते हुए पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा.

जल्द होगा तैयार

एलयू ने एनईपी के तहत प्री-पीएच. डी., स्नातक और एक वर्षीय परास्नातक का पाठ्यक्रम बनाया. अब जल्द ही दो वर्षीय पाठ्यक्रम भी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी. विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2020 से दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम (च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम) सीबीसीएस के तहत चल रहा है. इसमें प्रति सेमेस्टर 24 क्रेडिट का प्राविधान है. अब एनईपी के तहत इसको कम करते हुए 20 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर किया जाएगा. दो वर्षीय कोर्स में उन छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिलेगा जिनके स्नातक तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में 7.5 सीजीपीए से कम होंगे. दो वर्षीय पीजी कोर्स में विद्यार्थियों को एक्जिट का विकल्प मिलेगा. दो वर्षीय पीजी अध्यादेश के संशोधन के लिए बनी कमेटी में प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी चेयरमैन, डीन आर्ट, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, डीन साइंस प्रो. शीला मिश्रा, डीन कामर्स प्रो. रचना मुज्जू, डीन फाइन आर्ट, डीन विधि संकाय प्रोफेसर बीडी सिंह, श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा, आरएमपी कालेज के प्राचार्य शामिल हैं.

सात साल में पूरी कर सकेंगे यूजी की पढ़ाई

एलयू ने पढ़ाई से ब्रेक लेने वालों को पुनः प्रवेश देने के संबंध में जारी किए निर्देश

LUCKNOW (8 May) : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने पढ़ाई के दौरान ब्रेक लिया है, उन्हें पुनः प्रवेश के माध्यम से अपनी डिग्री पूरी करने का मौका मिल सकता है. इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी संकायाध्यक्षों एवं कालेजों को पत्र जारी किया है. एलयू की ओर से जारी पत्र के अनुसार स्नातक के पुनः प्रवेश लिए जाने के संबंध में विश्वविद्यालय यूजीसी के निर्देशानुसार (एनईपी) अध्यादेश 2020 के 3.4 के बिंदु 2 में प्रविधान किया गया है. इसके तहत छात्र-छात्राओं को अध्ययन की अवधि के दौरान पढ़ाई से ब्रेक लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन कार्यक्रम को पूरा करने की कुल अवधि सात वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. कुलसचिव ने एनईपी अध्यादेश 2020 में अंकित इस व्यवस्था के अंतर्गत एलयू एवं संबद्ध महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अर्ह छात्र-छात्राओं के पुनः प्रवेश लिए जाने संबंधी प्रकरणों पर अपने स्तर से नियमानुसार प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

वेब पोर्टल पर 24 मई तक अपलोड करने होंगे मार्क्स

कालेजों को इसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध करानी होगी

LUCKNOW (8 May) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक एवं अन्य पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के आंतरिक, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 24 मई तक अपलेड करने की समय सीमा निर्धारित कर दी है. कालेजों को इसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध करानी होगी. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी विभागाध्यक्षों एवं कालेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं. दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार दोनों पालियों में 81218 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, 708 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे.

निरीक्षण करने पहुंचे कुलपति

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को रायबरेली के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. उन्होंने दयानंद बछरावां महाविद्यालय, पंचशील महाविद्यालय, पराग महाविद्यालय, बीपी स्मारक महाविद्यालय एवं पंडित राज नारायण मिश्र महाविद्यालय में परीक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा. आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

21 स्टूडेंट्स को मिली नौकरी

एलयू के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 21 और छात्र-छात्राओं का समुद्र साल्यूसन एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड में असिस्टेंट रिलेशनशिप मैनेजर पद पर चयन हुआ है. सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को पहले दस से 50 हजार रुपये स्टाइपेंड मिलेगा.

स्नातक गैर एनईपी कोर्स की परीक्षाएं 16 से

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक (गैर एनईपी) पाठ्यक्रमों सहित पीजी के कई और विषयों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी बुधवार को जारी कर दी। स्नातक (गैर एनईपी) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 16 मई से शुरू होंगी।

बी.ए. (एनईपी) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की 17 मई से आठ जून, छठे सेमेस्टर की 16 मई से 28 जून तक होंगी। बी.काम (नान एनईपी) दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से सात जून तक, बी.एससी (नान एनईपी) दूसरे सेमेस्टर की 18 मई से छह जून, चौथे सेमेस्टर की 18 मई से 12 जून तक, छठे सेमेस्टर की 16 मई से 13 जून तक होंगी। बी.पी.एड दूसरे सेमेस्टर की 31 मई से 10 जून, चौथे सेमेस्टर की तीन से 11 जून तक संचालित होंगी। एम.पी.एड दूसरे सेमेस्टर न्यू कोर्स और ओल्ड कोर्स की परीक्षा 31 मई से 10 जून तक, चौथे सेमेस्टर न्यू और ओल्ड कोर्स की छह से आठ जून, एम.ए जाग्रफी दूसरे सेमेस्टर की 31 मई से 11 जून, चौथे सेमेस्टर की पांच से 12 जून तक होंगी। एम.एससी मालीकुलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स दूसरे सेमेस्टर की 27 मई से आठ जून, चौथे सेमेस्टर की 24 मई से सात जून होंगी। एम.एससी न्यूट्रिशन दूसरे सेमेस्टर की 31 मई से 11 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा पांच से 12 जून, एम.ए ज्योतिर्विज्ञान दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से 14 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 11 जून तक होंगी।

सात साल में पूरी कर सकेंगे यूजी की पढ़ाई

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने पढ़ाई के दौरान ब्रेक लिया है, उन्हें पुनः प्रवेश के माध्यम से अपनी डिग्री पूरी करने का मौका मिल सकता है। इसके तहत छात्र-छात्राओं को अध्ययन की अवधि के दौरान पढ़ाई से ब्रेक लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन कार्यक्रम को पूरा करने की कुल अवधि सात वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। कुलसचिव ने एनईपी अध्यादेश 2020 में अंकित इस व्यवस्था के अंतर्गत लवि एवं संबद्ध महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अर्ह छात्र-छात्राओं के पुनः प्रवेश लिए जाने संबंधी प्रकरणों पर अपने स्तर से नियमानुसार प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को रायबरेली के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दयानंद बछरावां महाविद्यालय, पंचशील महाविद्यालय, पराग महाविद्यालय, बीपी स्मारक महाविद्यालय एवं पंडित राज नारायण मिश्र महाविद्यालय में परीक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा।

JAGRAN CITY PAGE III

दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम में भी होगा संशोधन

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक और एक वर्षीय परास्नातक के बाद अब दो वर्षीय परास्नातक कोर्स में भी संशोधन करेगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। अध्यादेश संशोधित करने के बाद प्रति सेमेस्टर 20 क्रेडिट करते हुए पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2020 से दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम (च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम) सीबीसीएस के तहत चल रहा है। इसमें प्रति सेमेस्टर 24 क्रेडिट का प्राविधान है। अब एनईपी के तहत इसको 20 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर किया जाएगा। दो वर्षीय कोर्स में उन छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिलेगा जिनके स्नातक तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में 7.5 सीजीपीए से कम होंगे।

कमेटी में इन्हें किया गया शामिल : दो वर्षीय पीजी अध्यादेश के संशोधन के लिए बनी कमेटी में प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी चेयरमैन, डीन आर्ट, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, डीन साइंस प्रो. शीला मिश्रा, डीन कामर्स प्रो. रचना मुज्जू, डीन फाइन आर्ट, डीन विधि संकाय प्रोफेसर बीडी सिंह, जय नारायण मिश्र कालेज के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा, आरएमपी कालेज के प्राचार्य शामिल हैं।

लवि कुलपति ने अध्यादेश संशोधन के लिए बनाई कमेटी, प्रति सेमेस्टर 24 की जगह 20 क्रेडिट होगा

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को एनसीसी के विद्यार्थियों के साथ बछरावां बाजार में मतदाता जागरूकता की रैली निकाली ● लवि

LOKSATYA PAGE 3

एलयू का परीक्षा कार्यक्रम जारी, पीजी परीक्षाएं 22 मई से

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के तहत परास्नातकस्तर के पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय कीआधिकारिक वेबसाइट पर कार्यक्रम देख सकते हैं। इन परीक्षाओं में पांच जिलों के करीब एकलाख विद्यार्थी शामिल होंगे। एलयू में यूजी और पीजी स्तर के कई कार्यक्रमों का परीक्षा शेड्यूलजारी हुआ है।

इसके तहत एमए या एमएससी मैथ्स सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31मई से 18 जून और चौथे की तीन से 11 जून तक होंगी। एमए या एमएससी स्टैटिस्टिक्स, बायो-स्टैटिस्टिक्स की परीक्षा तीन से 14 जून और एमएससी रसायन विज्ञान, फार्मास्यूटिकल साइंस कीपरीक्षाएं 10 से 24 जून तक होगी।

एलयू ने प्लेसमेंट में तोड़ा रेकॉर्ड, कई स्टूडेंट्स को मिली मनचाही नौकरी

लखनऊ, लोकसत्य। नैक से ए डबल प्लस के ग्रेडिंग के से लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापित प्लेसमेंट सेल ने इतिहास रचा है। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय के निर्देश में स्थापित प्लेसमेंट सेल लगातार छात्रों को बेहतर करियर सवांरने का कार्य कर रही है। इस बार अत्यंत प्रतिष्ठित पीएसवाई में छात्रों के प्लेसमेंट हुए है । पीएसवाई-परीक्षार्थी शिक्षा योजना की अध्ययन विधि सीएलएस विधि (क्लास लेक्चर शीट विधि) है जिसे भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा कॉपीराइट अनुमोदन प्राप्त हुआ है।पीएसवाई-परीक्षार्थी शिक्षा योजना (प्लेस लर्निंग) को स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए एक शैक्षिक सहायता सेवा के रूप में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में सूचीबद्ध किया गया है। निदेशक सीपीसी प्रो मधुरिमा लाल ने सभी

चयनित छात्रों को जॉइन करने के लिए भी निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि प्लेसमेंट सेल हरड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग उस कंपनी की आवश्यकतानुसार वे स्वयं करती है ताकि हर अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पूरे विश्वास के साथ तैयार रहे । इसी कारण हमारे विश्वविद्यालय के आकड़े बढ़े हैं। रजत गुप्ता, काजल सिंह, एमबीए के छात्र अनंत कुमार उपाध्याय, संदीप यादव, विकास यादव, रोमी मौर्या, आक्रश तिवारी, पियूष वशिष्ठ, आक्रति मिश्रा, ज्योति प्रभा सिंह, हर्शप्रीत कौर, तनुश्री, अभय मिश्रा, दीपा शर्मा, अयुषी सिन्हा आदि छात्रों का चयन हुआ।

सेमेस्टर परीक्षाओं का वीसी ने लिया जायजा

लखनऊ, लोकसत्य। कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो आलोक कुमार राय सेमेस्टर परीक्षाओं के औचक निरीक्षण पर निकले। उन्होंने रायबरेली के विभिन्न महाविद्यालयों में हो रहीं परिक्षाओं का हाल जाना। जिसमें दयानंद बछरावां महाविद्यालय, पंचशील महाविद्यालय, पराग महाविद्यालय, बीपी स्मारक महाविद्यालय एवं पं राज नारायण मिश्र महाविद्यालय रायबरेली का दौरा किया। निरीक्षण में कुलपति जी ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देख व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीन छात्र कल्याण प्रो संगीता साहू, मुख्य कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, डीन –सीडीसी, प्रोअवधेश त्रिपाठी, डीन- आरएसी प्रो मनुका खन्ना एवं कुलानुशासक मंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे।

TOI PAGE 2

1L set to take PG semester exams at LU on May 22

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University (LU) has announced the schedule for its postgraduate semester examinations for 2024. Exams will begin on May 22, following the Lok Sabha polls in Lucknow on May 20.

Approximately one lakh students from five districts — Lucknow, Sitapur, Lakhimpur Kheri, Hardoi and Raebareli — will be taking the exams. Elections in Lucknow and Raebareli will be held on May 20, while Sitapur, Lakhimpur Kheri and Hardoi have their polling day on May 13. Subsequently, LU exams will start on May 22.

"A detailed schedule, including exam times and rules, has been uploaded to the LU official website. Students can check the schedule for their specific course," said LU spokesperson Dugesh Srivastava.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि के २१ छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। प्रो.आलोक कुमार राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय के संरक्षण में विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा किए जा रहे रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्लेसमेंट के क्रम में एक बार फिर शानदार प्लेसमेंट अत्यंत प्रतिष्ठित पीएसवाई में हुए। पीएसवाई परीक्षार्थी शिक्षा योजना की अध्ययन विधि सीएलएस विधि (क्लास लेक्चर शीट विधि)है। जिसे भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा कॉपीराइट अनुमोदन प्राप्त हुआ है।(कॉपीराइट का पंजीकरणः एल-78701/2018)पीएसवाई परीक्षार्थी शिक्षा योजना (प्लेस लर्निंग)को स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए एक शैक्षिक सहायता सेवा के रूप में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में सूचीबद्ध किया गया है। (एमएसएमई काः उद्यम-डीएल-04-0032008) निदेशक सीपीसी प्रो.मधुरिमा लाल ने सभी चयनित छात्रों को जॉइन करने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। चयनित छात्रों को पहले 10000 से 50000 रूपये वेतन दिया जाएगा। संतोषजनक परफॉरमेंस के पश्चात ही जॉब के लिए योग्य होंगे। प्रो.मधुरिमा लाल ने बताया कि सीपीसी नित्य प्रति ही बड़ी संख्या में प्लेसमेंट करा रहा है क्योंकि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की प्राथमिक्ताओं में छात्रों का गरिमायुक्त प्लेसमेंट सबसे पहले आता है। इसी कारण प्लेसमेंट्स को विशेष वरीयता है। प्रो.लाल ने ये भी बताया कि प्लेसमेंट सेल की हर ड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग उस कंपनी की आवश्यकतानुसार वे स्वयं करती है ताकि हर अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पूरे विश्वास के साथ तैयार रहे। इसी कारण हमारे विश्वविद्यालय के अकड़े अद्भुत रूप से अद्वितीय है।

न्यायालय सिविल जज सी.डी. गोरखपुर

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आदेश 5 नियम 1 व 5)

मूल वाद सं.-680/2023

श्रीप्रकाश दूबे बनाम राजेन्द्र प्रसाद दूबे

वाद पदो के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5) न्यायालय सिविल जज (क0श्रे0) शर्की इलाहाबाद

उत्तराधिकार वाद संख्या- 908 सन् 2023

विवेकानन्द गुप्ता उम्र लगभग 31 वर्ष पुत्र स्व. सदानन्द गुप्ता निवासी ई0डी0 419 ए0डी0ए0 कालोनी, नैनी, प्रयागराज

बनाम

1.रूबी गुप्ता उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्री स्व. सदानन्द गुप्ता पत्नी राम दुलारे निवासिनी बारा बारा मऊ उ0प्र0।

2.सुमन गुप्ता उम्र लगभग 33 वर्ष स्व. सदानन्द गुप्ता पत्नी प्रमोद गुप्ता टाउन बहादुरगंज (नियर गन फैक्ट्री) जनपद गाजीपुर